झाबुआ जिले के थांदला में आयोजित भगोरिया उत्सव,

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का संबोधन .... दिनांक - 15-03-2022 ..

थांदला में यहां उपस्थित मेरी सभी बहनों-भाइयों, भांजे-भांजियों मामा का भगोरिया की राम-राम। पिछले 2 साल से ढंग से भगोरिया नहीं मना पाए थे कोरोना के कारण। लेकिन इस बार खूब भगोरिया मनाओ, होली मनाओ, गैर निकालो। अब कोरोना पूरी तरह से कंट्रोल में है और मामा भी इसलिए भगोरिया का त्यौहार मनाने आपके बीच आ गया। मामा भी आया और मामी को भी लाया। मेरे बहनों और भाइयों और भांजे-भांजियों यह सरकार आपकी जिंदगी में खुशियां लाने के लिए ही है। इसलिए थांदला आगे बढ़े, झाबुआ आगे बढ़े, यहां की जनता की सारी कठिनाई और कष्ट दूर हो जाए इसमें कोई कसर हम नहीं छोड़ेंगे। मेरी बहनों हर गांव में, हर घर में पाइप लाइन बिछाकर, हर घर में नल लगाकर पानी देने के लिए 550 करोड रुपए हमने मंजूर किए हैं। थांदला में सीएम राइस स्कूल भी खुल रहा है। नर्मदा मैया का पानी अलीराजपुर में आ गया, झाबुआ जिले में भी लाने की कोशिश कर रहे हैं। आज कोई लंबी बात नहीं करनी फिर कभी आऊंगा। आपको भगोरिया के साथ-साथ होली की भी राम-राम। त्यौहार खूब उत्साह से मनाओ और शालीनता से मनाओ। आप हमेशा खुश रहें, प्रसन्न रहें, आनंदित रहे, नाचे गाए और अपने परिवार को भी आगे बढ़ाएं .... बहुत-बहुत शुभकामनाएं .... होली की राम-राम, भगोरिया की राम-राम .. थांदला के विकास के लिए एक करोड़ रूपए दिया जाएगा।

....